प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
14.12.2025 1:00 पी.एम.

राष्ट्रप्रति द्रौपदी मुर्मू ने आशा व्यक्त की है कि सामूहिक दायित्व, साझेदारी और जनभागीदारी की भावना के साथ भारत ऊर्जा संरक्षण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे बडी संख्या में लोग जुड रहे है।

0000

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढियों के लिए एक स्वच्छ और उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित करेगा। राष्ट्रपति ने ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।

0000

राज्य सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस श्रंखला में आज स्वच्छता जागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के जल महल की पाल पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की और श्रमदान तथा पौधारोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया।
श्री शर्मा ने स्वच्छता योद्धाओं को पीपीई किट और चयनित लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि के चेक वितरित किए। उन्होंने रोड़ स्वीपिंग मशीन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और 'इंप्लिमेंटेशन प्लान फॉर सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री सिटीज' पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही, उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सभी से स्वच्छता रखने और स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान करने का आह्वान किया।

0000

कार्यक्रम की इस श्रंखला में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान और सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई की गई।

0000

राज्य सरकार की ओर से शहरी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 16 दिसम्बर से "शहरी समस्या समाधान शिविर–2025" आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर 24 दिसम्बर तक चलेंगे। नगरीय विकास और आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने अधिकारियों को शिविरों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग तथा जनसुविधाओं को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

0000

अजमेर के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की ओर से कल पेंशन अदालत का आयोजन किया जायेगा। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण ने बताया कि निर्धारित दिनांक तक मिले आवेदनों पर नियमानुसार निस्तारण कर दिया गया है। इसी के साथ पेंशन अदालत भी लगाई जा रही है, जिसमें पेंशनर अपनी समस्या का निराकरण करवा सकते हैं।

0000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव के कारण न्यूनतम तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकतर जिलों में रात के तापमान में 1 से 3 डिग्री की बढोतरी हुई है। प्रदेश में सबसे कम 6 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस तापमान लूणकरणसर में दर्ज किया गया। वहीं माउंटआबू में 7 दशमलव 1, नागौर में 7 डिग्री, करौली में 7 दशमलव 2, फतेहपुर और अलवर में 7 दशमलव 5 डिग्री, वहीं राजधानी जयपुर में 12 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। भीलवाडा में सुबह से ही बादल छाये हुए हैं, जिससे तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आगामी 2 दिन बादलों की आवाजाही होने से न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री हल्की बढ़ोतरी होने और राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

0000